पंजाब केसरी 19/04/2023

# जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों ने पहले सैमेस्टर के नतीजों में मैरिट में पाया स्थान

अम्बाला छावनी, 18 अप्रैल (कोचर): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से अपनी काबिलियत का प्रदर्शन करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की वार्षिक परीक्षा 2022 के प्रथम सैमेस्टर में स्वर्णिम अक्षरों से अपने हस्ताक्षर किए। हाल ही में एम.एम. अंग्रेजी प्रथम सैमेस्टर 2022 का परिणाम आया, जिसमें जी.एम.एन. कालेज की 3 छात्राओं ने मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज किया।





मैरिट लिस्ट में आई छात्राएं। (चंद्रमोहन)

इनमें से एक छात्रा राधिका जैन ने पूरे विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवांवित किया। वहीं छात्रा हर्षिता ने 500 में से 349 अंक हासिल किए और यूनिवर्सिटी मैरिट लिस्ट में नौवें स्थान पर रही।

छात्रा महक ने 500 में से 348 अंक हासिल किए और 10वां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अंग्रेजी विभाग व मैरिट प्राप्त छात्राओं को अपनी बधाई दी।